प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 15.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई को लिखी चिटठी, कहा– न्यायपालिका को अनुचित दवाब से संरक्षित करने की जरूरत।

2- भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले पिछले 75 वर्षों के इतिहास में वोटरों को प्रभावित करने वाली सामग्री की सबसे अधिक जब्ती की गई, झारखंड से अबतक 51 करोड़ से अधिक कैश रिकवर।

3- पारदर्शी लोकसभा चुनाव कराने को लेकर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में बरती जा रही खास सतर्कता, चलाया जा रहा सघन वाहन चेकिंग अभियान।

4- चैती नवरात्रि का आज सातवां दिन, मां दुर्गा के सातवें स्वरूप देवी कालरात्रि की पूजा, आज खुलें पंडालों के पट।

5- आईपीएल क्रिकेट में आज बेंगलुरु में सनराइजर्स हैदराबाद का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा मुकाबला।

****************************

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ को चिटठी लिखी है। जिसमें दुष्प्रचार फैलानेवाले को लेकर रिटायर्ड जजों ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि एक गुट के द्वारा न्यायपालिका पर दवाब बनाया जा रहा है। न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को खराब करने के उद्देश्य से आधारहीन बातों का प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने पत्र में कहा कि न्यायपालिका को अनुचित दवाब से संरक्षित करने की जरूरत है।

****************************

लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वोटरों को प्रभावित करने वाली सामग्री सबसे अधिक मात्रा में जब्त की गई। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि ये पिछले 75 वर्षों के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक जब्तियां की गई हैं। एक मार्च से देश भर में हर दिन लगभग एक सौ करोड़ रुपये विभिन्न क्षेत्रों से बरामद किए गए हैं। मतदान शुरू होने से पहले ही चार हजार 650 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। झारखंड से अबतक 51 करोड़ से अधिक कैश रिकवर हुआ है

****************************

आगामी लोकसभा चुनाव पारदर्शी तरीके से संपन्न हो इसे लेकर राज्य भर में जगह –जगह सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। दुमका जिले की अंतर्राजीय और अंतरजिला सीमाओं पर स्थाई चेकपोस्ट बनाए गए हैं जहां मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई है। इन चेकपोस्ट पर दुमका जिले में प्रवेश करने और दुमका से बाहर जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। उपायुक्त ए दोड्डे ने पश्चिम बंगाल की सीमा पर बनाए गए चेक पोस्ट का निरीक्षण किया और वहां तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिस बल को हर आने जाने वाले वाहनों का विस्तृत विवरण रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया है। इधर खूंटी जिले में झारखंड और बंगाल सीमा बॉर्डर पर पुलिस प्रशासन द्वारा चार पहिया और दोपहिया वाहनों की सघन जांच की जा रही है। वाहन जांच स्थल पर उपस्थित रांची के एसडीओ ने बताया कि सुदूरवर्ती संवेदनशील इलाकों और सीमावर्ती इलाकों में पुलिस खास सतर्कता बरत रही है। पुलिस के उच्च अधिकारी भी समय समय पर लगातार वाहन चेकिंग अभियान का जायजा ले रहे हैं।

****************************

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आज रांची में मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई समेत कई नेता उपस्थित रहें। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश के सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। पार्टी की ओर से जारी किए गए संकल्प पत्र में अगले 5 वर्षों में देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करने का खाका तैयार किया गया है।

*****************************

चतरा जिले के उग्रवाद प्रभावित और पीवीटीजी गांवों के मतदाताओं के बीच जन जागरुकता के उद्देश्य से रात्रि चौपाल नाम से विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

*****************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*****************************

आज चैती नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा की जा रही है। रांची समेत राज्यभर में बने पूजा पंडालों का पट खोल दिया गया है। मंगलवार को महाअष्टमी पूजन और पुष्पांजलि होगी। 17 अप्रैल को नवमी पूजा और रामनवमी की शोभायात्रा निकलेगी।

*****************************

हजारीबाग के प्रसिद्ध रामनवमी उत्सव को लेकर बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज के नेतृत्व में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीआईजी सुनील भास्कर समेत जिले भर के डीएसपी और एसडीपीओ शामिल हुए। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी संपन्न कराने पर चर्चा की गई. साथ ही कई दिशा निर्देश भी जारी किए गए। आईजी एस माइकल राज ने कहा कि रामनवमी जूलूस के दौरान पर्याप्त संख्या में ड्रोन से नजर रखी जाएगी।

*****************************

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की बुधवार को वाशिंगटन में महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसका उद्देश्य कर्जे के बोझ तले दबे देशों और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में सहयोग करना है। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रकाशन विश्व आर्थिक दृष्टिकोण को भी जारी किया जाएगा। इस बैठक में केन्द्रीय बैंकों के प्रतिनिधियों

के साथ–साथ विभिन्न देशों के वित्त और विकास मंत्री, शिक्षाविद और निजी क्षेत्र तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चर्चा करेंगे।

****************************

रांची के रातू थाना क्षेत्र में आज सुबह हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्घ्य देने जा रहे लोगों के वाहन ने संतुलन खोकर बालू लदे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। जिससे यह हादसा हुआ। घायल लोगों में कुछ की हालत गंभीर है।

****************************

गोड्डा जिले के बसंतराय प्रखंड मुख्यालय में बिसुवा पर्व के अवसर पर हर वर्ष लगने वाला ऐतिहासिक मेला शुरू हो गया है। इस मेले में झारखंड के अलावा बिहार, ओडीसा और बंगाल के हजारों शाकाहारी सफाहोड़ आदिवासी यहां पहुंचते हैं। यह मेला महीने भर चलेगा। जिले के उपायुक्त जीशान कमर और पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने मेले का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

****************************

जम्मू –कश्मीर के दक्षिण कश्मीर हिमालय क्षेत्र में श्री अमरनाथ जी की वार्षिक यात्रा 29 जून को शुरु होकर 19 अगस्त को संपन्न होगी। श्री अमरनाथ मंदिर बोर्ड ने घोषणा की है कि 52 दिन की यात्रा के लिए आज से पंजीकरण प्रक्रिया शुरु हो गई है।

****************************

आईपीएल क्रिकेट में आज बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मुंबई में कल शाम चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाए। कोलकाता में खेले गये एक अन्य मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को आठ विकेट से हरा दिया।

****************************

ब्राजील में ओलंपिक निशानेबाजी क्वालिफिकेशन प्रतियोगिता में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत की पलक ने कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलम्पिक्स के लिए कोटा हासिल कर लिया है। फाइनल में पलक ने 217 दशमलव छह अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारत की ही सय्यम पांचवें स्थान पर रही। उन्होंने 176 दशमलव सात अंक अर्जित किए। भारत ने पेरिस ओलम्पिक के लिए निशानेबाजी में अब तक कुल बीस कोटा स्थान हासिल कर लिये हैं।

**********समाप्त*************